तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी

# Kendriya Vidyalaya Chikodi

(An Autonomous body under MHRD) Government of India

## अभिव्यक्ति

# विद्यालय पत्रिका



# केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी

# Kendriya Vidyalaya Chikodi

## विद्यालय – पत्रिका सत्र -2020-21

**मुख्य संरक्षक**

श्री सिरिमाला सांबन्ना

उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, बैंगलुरु संभाग

**सरंक्षक**

**डॉ. एन. वसंत**
सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
बैंगलुरु संभाग

**श्री एम.जी. हिरेमठ, आई.ए.एस.**
**अध्यक्ष,**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति**
केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी

**श्री जी.ए.नरसिम्हम**
सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
बैंगलुरु संभाग

**श्री युकेश कुमार , आई.ए.एस.**
सहायक आयुक्त एवं
नामित अध्यक्ष
केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी

**श्री सुधीर शर्मा**
प्रभारी प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी

# उपायुक्त महोदय का सन्देश


080-25543757(DC)
25566360/25301227(AC/AO/FO)

केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, REGIONAL OFFICE

के. कामराज मार्ग, बेंगलूरु - 560042

K. KAMARAJA ROAD, BENGALURU - 560042

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Website: https://robangalore.kvs.gov.in/ Email:admnkvsbgr@gmail.com




## संदेश

यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष की बात है कि केन्द्रीय विद्यालय चिकोडी सत्र 2020-21 के लिए ई-पत्रिका प्रकाशित करने जा रहा है|

विद्यालय पत्रिका विद्यार्थियों में साहित्यिक, कलात्मक और पत्रकारीय क्षमता को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है | यह उनमें विचार अभिव्यक्ति कौशल और रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास करता है | यह विद्यालय के शिक्षण और शिक्षणेत्तर सहगामी क्रियाकलापों के गुणात्मक अभिवृद्धि का भी परिचायक होता है |

मैं विद्यालय के ई-पत्रिका के सफलता और सार्थकता हेतु बधाई शुभकामनाएं देता हूँ और विद्यालय के प्राचार्य, समस्त कर्मचारी गण और विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करता हूँ, एवं अभिभावकों को भी हमारी ओर से बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करता हूँ।

धन्यवाद,
जय हिंद

( सिरिमाला सांबन्ना )
उपायुक्त
केविसं बेंगलूरु

# Message from the Chairman VMC

ಎಂ.ಜಿ.ಹಿರೇಮಠ ಭಾ.ಆ.ಸೇ.
M.G.HIREMATH I.A.S.

ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ

ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿ ಹಾಗೂ ಜಿಲ್ಲಾ ದಂಡಾಧಿಕಾರಿ
ಬೆಳಗಾವಿ ಜಿಲ್ಲೆ, ಬೆಳಗಾವಿ-590001
Deputy Commissioner and
District Magistrate, Belagavi, Karnataka
Off : 0831-2407200 / 2407273 ,
Fax : 0831-2452644 Resi : 2407222
E-mail : deo.belagavi@gmail.com




## Message

Every Vidyalaya patrika is a milestone in itself, it marks the achievement, unfolds the imagination, giving life to thoughts and aspirations. It is a platform where the creative skills of the vidyalaya family are unleashed, either through writing or though artistic stocks.

I would like to congratulate the In-charge Principal and staff members of KV Chikodi for tireless and collective efforts in bringing out the Vidyalaya Patrika.

With Best Wishes



(M.G Hiremath)
Deputy Commissioner and District Magistrate Belagavi
Chairman, KV Chikodi

# Message from the Nominee chairman VMC

ಶ್ರೀ ಉಕೇಶ್ ಕುಮಾರ್ ಐ.ಎ. ಎಸ್
ಉಪ ವಿಭಾಗಾಧಿಕಾರಿ ಹಾಗೂ
ಉಪ ವಿಭಾಗ ದಂಡಾಧಿಕಾರಿಗಳು,
ಚಿಕ್ಕೋಡಿ ಉಪವಿಭಾಗ, ಚಿಕ್ಕೋಡಿ

Shri. Ukesh Kumar I.A.S
ASSISTANT COMMISSIONER &
SUB-DIVISIONAL MAGISTRATE,
CHIKODI SUB DIVISION, CHIKODI

Tel:(Off.) 08338-272132, (Resl.) 08338-272167, (Fax) 08338-272132, e-mail: ac.chikodi@gmail.com



## Message

I extend my heartiest wishes and congratulations on the publication of E- Vidyalaya Patrika 2020-21 of KV Chikodi. Children have their own vast empire of imagination and creativity based on their little experiences and virtual world they live in. Release of this E-Vidyalaya Patrika is a welcome effort to nurture their talent and focus on their all round development. Destiny of a nation is shaped in its classrooms. Every moment utilized maximum today will have a strong impact on success tomorrow. Our students are future torchbearers of our great nation, India, and they will shine as the most luminous stars by virtue of their intelligence, hard work, sincerity and dedication.

I wish KV Chikodi to continue to scale new heights of glory both in academics and co curricular activities in the coming years.

(Ukesh Kumar IAS)
Assistant
Commissioner
& Chairman
Nominee KV Chikodi

# Principal's Message

केन्द्रीय विद्यालय
विधायक राजकीय मॉडल विद्यालय भवन
विपरीत पंचायत कार्यालय
निकट मिनी विधान सौध
चिकोड़ी ज़िला बेलगाम
कर्नाटक – ५९१२०१

Kendriya Vidyalaya
MLA Govt. Model School Building
Opposite Taluka Panchayat Office
Near Mini Vidhana Soudha
Chikodi Distt. Belgaum
Karnataka – 591201

Phone: 08338 - 273477 E-Mail: kvchikodi@yahoo.com




Education plays an important role in enabling a person to face real life situation. School is the foremost fountain of knowledge Children are exposed to. It is the first avenue of socializing which instills practices such as empathy, friendship, participation, sharing, caring etc. It stimulates curiosity and thought process in young minds, imbibing them life skills and equip them with tools to be better human beings.

Education has witnessed a paradigm shift in recent times. Technology has enabled improved interaction and made learning better.

Kendriya Vidyalaya chikodi School has been putting in all the efforts to provide the best to our students in the field of academics, sports and games, various cultural activities and online activities. This ePatrika is a medium to express the talent, creativity ,literary expression and rich educational experience.

I thank from the core of my heart to the KVS Bangaluru region Deputy Commissioner Sh. Sirimala Sambanna & Assistant Commissioner Dr. N.Vasanth, VMC chairman Sh. M.G.Hiremath and Nominee Chairman Sh. Ukesh Kumar for their valuable guidance and support.

I appreciate and extend my congratulation to the editorial board for their commendable efforts in bringing out of the Vidyalaya e-Patrika in present shape. I would like to extend my best wishes to all the student who exhibited their talent in the field of letters through this Vidyalaya e-Patrika.



Sudhir Sharma
Incharge Principal

# मुख्य सम्पादक का सन्देश



छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने और उसमें निखार लाने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है विद्यालय पत्रिका | यूँ तो छात्र-छात्राओं में रचनात्मक प्रतिभा बहुत अधिक होती है परन्तु आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन मिले| विद्यालय पत्रिका के द्वारा विद्यार्थियों को रचनात्मकता को मंच प्रदान किया जाता है| विद्यार्थियों की रचनाओं में अपरिपक्वता तो रहती ही है परन्तु यह अपरिपक्वता ही उनकी मौलिकता का परिचायक है | छात्रों ने विभिन्न तरह के लेख, कविताएँ एवं कहानियाँ लिखकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया है |

मैं प्राचार्य महोदय के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ जिनकी प्रेरणा एवं मार्गदर्शन **'अभिव्यक्ति'** के प्रकाशन के स्थायी स्रोत रहे हैं | मैं विद्यालय परिवार तथा अभिभावकों का भी उनके बहुमूल्य सुझावों का आभारी हूँ | जिनके सामूहिक प्रयास से विद्यालय पत्रिका आपके सामने बहुमूल्य प्रतिक्रिया के लिए प्रस्तुत है |

सोहन लाल
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, हिन्दी
केन्द्रीय विद्यालय चिक्कोड़ी



## From The Desk of Technical Editor ……

It is a great moment for all of us to bring forth the Second Edition of this magazine. It is an attempt to visualize the sincere feelings of the learners which enhance our emotional attachment with the assets of future India, our motherland and this school. These writings are the reflections of their thinking, understanding and bearing responsibility to face such situations in their life. The efforts and dedication to the academics and co-curricular activities from students side is remarkable as well as their inclination towards natural greenery i.e. environment is commendable.

Our student authors have put across some amazing pieces of writing displaying their creative thinking and writing skills. The works included in this edition are extremely simple but will surely provide an opportunity to peep into a child's thought process and his/her axiomatic creative thinking. Whatever the students learned from school and society, they have tried to get on paper completely and showed in the Vidyalaya e-Patrika.

The publication of the Vidyalaya Patrika included a lot of planning compounded with team work. It is a matter of pleasure that all the blooming writers responded to my call and penned their ideas for the magazine.

I expect the readers will enjoy reading the magazine beyond expectation, the team of people who gives shape to the imagination of the children rejoice and their tireless efforts.

I thank from core of my heart to my Principal and Deputy Commissioner Sir of Bengaluru Region, KVS to give me this opportunity and progressive support. Finally, from the entire team of Patrika I wish all the readers a happy reading.

**Ravi Singh**
**TGT (WE)**
**KV Chikodi**

# सम्पादक – मण्डल

| | |
|---|---|
| <br>**सोहन लाल**<br>प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक - हिन्दी | हिन्दी विभाग |
| <br>पुष्पेन्द्र बेनीवाल<br>प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक - संस्कृत | संस्कृत विभाग |
| <br>राजेश अशोक पटले<br>प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक - अंग्रेजी | अंग्रेजी विभाग |
| <br>सोहन लाल<br>प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक - हिन्दी | मुख्य संपादक<br>डिजाइन एवं संग्रथंन |

# एक भारत : श्रेष्ठ भारत के तहत आयोजित गतिविधियाँ



ईमानदारी की प्रतिज्ञा

राष्ट्रीय एकता हेतु प्रतिज्ञा







भाषा संगम

उतराखंडी नृत्य



# ABOUT VIDYALAYA

- KendriyaVidyalayaChikodi was established on 22nd June 2015 and is known among the premier educational institutions in the city. K V Chikodi is located in the heart of the city. Nestling among the hillocks and sylvan surroundings, it is indeed an ideal place for learning.
- Besides providing high class environment to students with the help of experienced and caring teachers, it gives opportunity to excel in the field of academics, sports, co-curricular activities, scouts- guides, interschool competitions etc.

## SCHOOL ACHIEVEMENT 2020-21

### OUR VVM ACHIEVERS -2020



LAXMI SANTOSH KONNURI
(Class10)
Rank 1, (Belgaum District)

SHRADDHA R GANACHARYA
(Class 10)
Rank 3, (Belgaum District)







SPOORTI SADASHIV KUMBAR
(Class 9)
Rank 3, (Belgaum District)

BHAKTI SHIVAKUMAR HANJI
(Class 9)
Rank 3, (Belgaum District)



# इंस्पायर अवार्ड में चयन 2020-21




SPOORTI SADASHIV KUMBAR
(Class 9)

# वाद-विवाद प्रतियोगिता विजेता



**पारस , कक्षा-नवमीं**

के. वि. स. द्वारा आयोजित 'स्कूली शिक्षा बनाम ऑनलाइन शिक्षा' वाद- विवाद प्रतियोगिता में कलस्टर लेवल पर प्रथम स्थान प्राप्त करके संभाग स्तर पर सहभागिता निभाई |

# हिन्दी विषय - ऑनलाइन शिक्षण







# Virtual science exhibition 2020





# Artificial intelligence class – Students' response



# Online science class




# Online science class- Students' attendance



# Virtual Prayer(Online Video Call)



# Project ATM (Any Time Music)










# Participation In National Level Kala Utsav 2020












**This Photo was selected at regional level to display on head quarter web-site as glimpses of online activities.**



# Bharat Scout And Guide Achievement

## Golden Arrow Badge Training And Testing Camp Selection





**Tejas Chougule**
**Class:- III**

**Sri Charan Teja**
**Class:- IV**

# Celebrated International Yoga Day on 22nd June








## Fit India School week from 09,10,11,14,15 & 16 December





## KVS Foundation Day



# हिन्दी पखवाड़ा








# 74th Independence Day on 15th August



| SCHOOL LEVEL EXAMS | | Session 2019-20 |
|---|---|---|
| Class | No. of Students | Pass % |
| I | 72 | 100 |
| II | 74 | 100 |
| III | 77 | 100 |
| IV | 79 | 100 |
| V | 79 | 100 |
| VI | 85 | 100 |
| VII | 77 | 100 |
| VIII | 77 | 100 |
| IX | 44 | 100 |

| DETAILS OF TEACHERS WEBINARS | | | |
|---|---|---|---|
| S. No | NAME OF THE TEACHERS | TOPICS OF WEBINARS | Organized by |
| 1 | All TEACHERS | NISHTHA | NCERT |
| 2 | i) Mr Amar Madhale, PRT<br>ii) Rohit Chaudhary, PRT | Two day Online Sensitization programme for PRTs& HMs on Foundational Literacy & Numeracy | ZIET Mysore |
| 3 | Mr Jay Ram Yadav, PRT | CBL Mathematics workshop for PRTs | KVS Bengaluru |
| 4 | Mr. Surrender Kumar, PRT | CBL EVS workshop for PRTs | KVS Bengaluru |
| 5 | Mr.Mahesh Kumar Jangir | Regional Level Workshop on Implementation of Artificial Intelligence Skill Course for Class-VIII | KVS Bengaluru |
| 6 | Mr.Mahesh Kumar Jangir TGT(Science) | CBL Science workshop for TGT Science | KVS Bengaluru |
| 7 | i) Mr Sohan Lal, TGT(Hindi)<br>ii) Mr Vikas PRT | Designing E-Resources | ZIET Mumbai |
| 8 | i) Mr Tariq Rukadikar,TGT(P&HE)<br>ii) Mr Amol Kamble, PRT | Physical Education & Community Coaches Teachers Training Programme | SAI LNCP Trivandrum |
| 9 | Mr Dinesh Yadav, TGT(Maths) | Workshop on Mathematic Competency Based Learning(CBL) | ZIET Mysore |
| 10 | Mr Tariq Rukadikar, TGT(P&HE) | International Webinar on Nutrition and Health & Physical Training and Rehabilitation | Mangalore University |

# *कोरोनाकाल में डिजिटल असमानता को कम करने के लिए उठाए गए कदम*

प्रत्येक काल में प्रत्येक देशनिर्माण एक बड़ी समाज के समक्ष मानव निर्माण अर्थात् सार्थक मनुष्य का चुनौती रही है, जिसे पूरा करने के लिए प्रत्येक समाज शिक्षा की व्यवस्था करता है। दूसरे शब्दों में कहें तो सार्थक व्यक्ति के निर्माण, उसके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा आवश्यक है। शिक्षा कैसी हो, किस प्रकार हो, उसकी योजना क्या हो, क्रियान्वयन कैसे हो, जैसे प्रश्न भी प्रत्येक काल में प्रत्येक समाज के सामने रहे हैं। मानव समाज सदा इन प्रश्नों का उत्तर ढूंढने में सतत् प्रयत्नशील रहा है और शिक्षा के द्वारा अपने विकासपथ पर निरन्तर गतिमान रहा है, तथा आगे भी रहेगा।

महामारी के चलते सभी शिक्षण संस्थाएं अचानक बंद कर दी गई थीं ताकि कोरोना संक्रमण से बचाव हो सके। इसके बाद तमाम संस्थाओं ने अध्यापन के लिए इंटरनेट की सहायता से सिस्को वेबेक्स, गूगल मीट, जूम आदि का उपयोग करते हुए छात्रों के उनके घर पर अध्यापन कार्य को चलाने का सराहनीय प्रयास किया। तमाम कठिनाइयों के बावजूद लोग इस माध्यम से कार्य कर पा रहे हैं।

इस तरह के कार्य करने में एक विशेष तरह की सर्जनात्मक प्रेरणा मिलती है। जब एक छात्र बेंगलोर से कई सौ किलोमीटर दूर बेलगांव के एक गांव में, लैपटॉप या मोबाइल पर कक्षा में जुड़कर अध्ययन कर रहा है, अध्यापक से बात कर रहा है और पढ़ रहा है।

1. इसी प्रकार हमारे केंद्रीय विद्यालय चिक्कोड़ी में भी प्राचार्य महोदय श्री सुधीर शर्मा जी के सानिध्य में सभी अध्यापक भारत सरकार के 'पढ़े भारत ऑनलाइन' अभियान के तहत ऑनलाइन कक्षाएँ संचालित कर रहे है। हमने छात्रों और विशेष कर अभिभावकों से बातचीत करके उनको बताया कि इस कोरोना के बढ़ते संक्रमण में फिलहाल विद्यालय का खुलना मुश्किल है इसलिए आप अपने बच्चे के लिए मोबाइल व लैपटॉप की व्यवस्था करें ताकि ऑनलाइन कक्षा में आपके बच्चे की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।
2. हमारे विद्यालय चिक्कोड़ी में अधिकतर बच्चे ग्रामीण क्षेत्रों से आते है जो किसान या मजदूर वर्ग से तालुक रखते है। इनमे से कुछ बच्चे मोबाइल या इंटरनेट की वजह से ऑनलाइन कक्षाओं में नहीं जुड़ पा रहे थे। इनके लिए भी विद्यालय परिवार ने ऑनलाइन कक्षाओं में जोड़ने का प्रयास किया और जारी है।
3. सभी कक्षाध्यापकों ने अभिभावकों से संपर्क किया और शिक्षा की महत्ता को बताते हुए प्रोत्साहित किया कि आप अपने बच्चे के लिए रोजाना तीन घंटे के लिए मोबाइल या लैपटॉप की व्यवस्था करें।
4. जिसका परिणाम यह आया कि अधिकतर बच्चे ऑनलाइन कक्षा में नियमित रूप से भाग लेने लग गए |
5. इस प्रकार सभी कक्षाओं में नब्बे फीसदी बच्चों को ऑनलाइन जोड़ा जो अब नियमित रूप से ऑनलाइन पढ़ रहे हैं।
6. सभी अध्यापक पाठ्यक्रम आधारित स्वयं के वीडियो भी बनाकर भेज रहे हैं तथा सिस्को वेबेक्स के द्वारा पढ़ाते समय PPT, PDF, WORD FILE का उपयोग करते हूँ।

उपायुक्त एवं सहायक उपायुक्त महोदय के दिशा–निर्देशानुसार पूरा विद्यालय परिवार मेहनत व लगन से इस कोरोना महामारी में भी बच्चों को उनके घर से ऑनलाइन कक्षा में जोड़ रहा है। इस कारण हमें उम्मीद है कि केवल केंद्रीय विद्यालय संगठन ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत इस वर्तमान चुनौती का सामना करने तथा उसके समाधान में सक्षम है।

# हिंदी विभाग



# माँ के नाम मार्मिक कविता

मैं छोटा सा बच्चा था
तेरी ऊँगली थाम के चलता था
तू दूर नजरो से होती थी
मैं आँसू आँसू रोता था …
ख्वाबों का एक रोशन बस्ता
तू रोज़ मुझे पहनाती थी
जब डरता था मैं रातों को
तू अपने साथ सुलाती थी ….
माँ तूने कितने बरसो तक
इस फूल को सींचा हाथों से
जीवन के गहरे भेदों को
मैं समझा तेरी बातों से….
माँ तेरी यादों के तकिए पर
मैं अब भी रातों को सोता हूँ
माँ मैं छोटा सा एक बच्चा
तेरी यादों मैं अब भी रोता हूँ……..।



श्री विकास
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय चिकोड़ी

# कुछ लम्हे

आज वक़्त को रोकने को जी चाहता है
ना जाने क्यूं दूर जाने से डर लगता है
अध्यापक बनकर ही तो आए थे हम सब
एक दूसरे से कितने पराए थे हम शुरुवात के कुछ दिनों में ही एक हो गए
हसने खेलने के बहाने एक हो गए
दो साल पहले सफर की शुरुवात हुई थी
परिचयऔर मकान ढूँढने से बात की शुरुआत हुई थी
सूरज की पहली किरण से थी शुरुआत हमारी
पूरे दिन की मस्ती और रात थी हमारी
सोचते थे यहां से चले जाएंगे
अब तो यह भी नहीं पता कि पता  फिर ये समा पाएंगे या नहीं पाएंगे
याद आएगा हम सबको यू केवी चिकोड़ी से बिछड़ जाना
वह रात को देर से सोना सुबह की पहली क्लास में हाजिरीलेना
वह विजय रतनम सर की पहली मीटिंग
लेट हो जाने पर गेट से दौड़ लगाना
वह 8:20  पर स्कूल में प्रवेश करना
और सबसे पहले उपस्थिती रजिस्टर ढूंढना
वह दिनेश सर की अतिरिक्त कक्षा लेना  राजकुमार सर का 123  कहना
जयराम सर का तनाव मुक्त रहना पुष्पेंद्र सर द्वारा निर्णायक बात कहना
राम सर को एक एक कक्षा का हिसाब बताना कहीं आने-जाने पर TA-DA  बिल लगाना
वह प्रशांत सर का एटीएम कहना प्रेरणा मैम और दुर्गा मैम का हर बात को बेहतर तरीके से समझाना
अमोल सर का Ray-Banलगा कर आना
कंचन मैम का स्पाउस ट्रांसफर लेकर जाना
जैसे तैसे करके हम सब ने निकाला पहला साल
बहुत खुश हुए अब बचे हैं कुछ  साल
घर में छोटे होते हुए भी बड़े हो गए
ना चाहते हुए भी इस भीड़ का हिस्सा हो गए
बाहर से आए बच्चों को रह-रहकर करके घर की याद सताती थी
खाने की थाली में ना जाने क्यों मां की तस्वीर नजर आती थी
जिंदगी है दोस्त ऐसे ही चलती रहेगी
हर मोड़ पर अच्छी सौगाते देती रहेगी

सुरेन्द्र कुमार
( प्राथमिक शिक्षक )

# खिड़की

बहुत जरूरी है कि एक खिड़की हो,
जैसे कि मकां में ,वैसे ही जहन मे ।
अगर हो अन्दर अन्धेरा,
तो सकें झाँक बाहर रोशनाई में,
गर हो गई हो सीलन,
तो आने दे सकें हल्की हवा ।
हो सकता है अंधेरा ना मिटे, सीलन ना सूखे,
लेकिन होगी अगर खिड़की,
तो बनी रहेगी उम्मीद...
हवा के आने की और रोशनाई के ठहरने की,
उम्मीद ज़रूरी है .......
और खिड़की भी .......



नाम - रोहित चौधरी
प्राथमिक शिक्षक
केंद्रीय विद्यालय चिक्कोड़ी

# राजा और चिड़िया

एक थी चिड़िया। एक दिन दाना चुग रही थी कि उसे एक मोती मिला। चिड़िया ने मोती नाक मे पहन लिया और इतराती-इतराती पेड़ की एक डाल पर जो बैठी। तभी उधर से एक राजा निकला। राजा को देखकर चिड़िया ने कहा:

राजा, मै तो हूं बड़भागी।
मेरी नाक मे निर्मल मोती।
राजा, मै तो हूं बड़भागी।
मेरी नाक मे निर्मल मोती।

राजा मन-ही-मन खीज उठा। लेकिन उस दिन बिना कुछ कहे-सुने वह अपनी कचहरी मे चला गया। दूसरे दिन जब राजा कचहरी मे जा रहा था। चिडिया ने फिर कहा:

राजा, मै तो हूं बड़भागी।
मेरी नाक मे निर्मल मोती।
राजा, मै तो हूं बड़भागी।
मेरी नाक मे निर्मल मोती।

इस बार राजा बहुत गुस्सा हो गया। राजा ने लौटकर चिड़िया को पकड़ लिया ओर उसकी नाक मे से मोती निकाल लिया। चिड़िया,भला राजा से क्यो डरने लगी? उसने कहना शुरू किया:

राजा भगत भिखारी।
मेरा मोती ले लिया।
राजा भगत भिखारी।
मेरा मोती ले लिया।

राजा और अधिक गुस्सा हुआ? उसने कहा, "क्या मै भिखारी हूं? मै तो राजा हूं। मुझे किस बात की कमी है? दे दो, चिड़िया का उसका मोती।"

राजा ने चिड़िया को मोती दे दिया।

इस पर चिड़िया ने कहना शुरू किया:

राजा मुझसे डर गया।
मेरा मोती मुझको दे दिया।
राजा मुझसे डर गया।
मेरा मोती मुझको दे दिया।

अब तो राजा को बहुत ही बुरा लगा। उसने कहा, "अरे, यह क्या कर रही है? यह अभागिन चिड़िया, छोटा मुंह इतनी बड़ी बात कैसे कह रही है!" राजा ने चिड़िया की पकड़वा लिया। उसका सिर मुंडवा दिया और उस पर चूना पुतवाकर उसे बाहर निकाल दिया।

चिड़िया नेकहा, "राजा को और राजा के पूरे घर का सिर न मुंडवाऊं, तो मेरा नाम चिड़िया नहीं।"

फिर चिड़िया शंकर के मंदिर मे जाकर बैठ गई। राजा रोज शंकर के दर्शन करने आते और कहते, "हे शंकर भगवान! भला किजीए!"

रोज की तरह राजा दर्शन करने आए और शंकर के आगे सिर झुकाकर बोले, "हे शंकर भगवान! भला कीजिए!"

तभी चिड़िया बोली, "नहीं करूगां।"

राजा तो सोच मे पड़ गए। उन्होने फिर सिर झुकाया और बोले, "हे भगवान! मुझसे कोई कसूर हुआ हो तो माफ कीजिए! आप जो कहेगें, मै करूंगा। हे भगवान! मेरा भला कीजिए!"

चिड़िया बोली, "राजा! तुम और तुम्हारा सारा घर सिर मुंडवाए, सिर पर चूना पुतवाए और मेरे पास आए, तो मै तुम्हारा भला करूंगा।"

दूसरे दिन राजा ने और उसके पूरे घर ने सिर मुंडवाया, सिर पर चूना पुतवाया और सब मंदिर मे आए। आकर सबने कहा, "हे शंकर भगवान! हमारा भला कीजिए!"

इसी बीच चिड़िया फुर...र...र करती हुई उड़ी और बाहर जाकर कहने लगी :

चिडिया एक मुंडाई।<br>
राजा का घर मुंडाया।<br>
चिड़िया एक मुंडाई।<br>
राजा का घर मुंडाया।

सुनकर राजा खिसिया गया और नीचा मुंह करके अपने महल मे चला गया।उसे लगा उससे कुछ ग़लती हुई थी। बड़ों को बड़प्पन शोभा नहीं देता है, वह क्यों उस चिड़िया के मुँह लगा इस बात का उसे पछतावा हुआ।

**महेश जांगिड़**
**प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक**
**(विज्ञान)**

# मजबूर चिड़िया

घोंसले से चिड़िया उड़ न सकी क्योंकि,
उड़ान से पहले ही राक्षसी पक्षियों ने हिम्मत तोड़ दी ।
शुरू में उड़ने का सोच रही थी चिड़िया की बच्ची,
तो रूढ़िवादियों ने कहा अभी तेरी उम्र है कच्ची ।
जब घर से ठान कर निकली कोमल कली ,
तो झुण्ड ने भरी आवाज में कहा हो गई क्या बावली।
खाली दिमाग को भरने गई जब वह चिड़ियाघर,
तो जंगली भेड़िये देख रहे थे ताक-ताककर।
नादानी में किये जा रहे थे जब हाथ पीले ,
तो कमजोर पड़ने लगे उड़ने के हौंसले।
अब दिनभर करती है दाना-पानी की जुगत,
बचपन की ही पीड़ा को रही है भुगत।
जब हजारों रोंगो ने उनको जकड़ लिया ,
तब ससुराल वालों ने भी मुँह मोड़ लिया।
अब थी श्वास नली भी टूट चुकी,
इसलिए घोंसले से वह उड़ न सकी ।



सोहन लाल
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक(हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय चिक्कोड़ी, बेलगाँव

# माँ

सॉंप बड़ा सॉंप बड़ा शिवजी के गले में क्यों पड़ा
क्योंकि शिव बड़ा।।
शिव बड़ा शिव बड़ा हिमालय पर्वत पर क्यों है खड़ा
क्योंकि हिमालय बड़ा।।
हिमालय बड़ा हिमालय बड़ा हनुमान के हाथो में क्यों पड़ा
क्योंकि हनुमान बड़ा।।
हनुमान बड़ा हनुमान बड़ा राम जी के चरणों में क्यों पड़ा
क्योंकि राम बड़ा।।
राम बड़ा राम बड़ा माँ के चरणों में क्यों पड़ा
क्योकि माँ ही सबसे बड़ी होती है।।।।

नाम–समीक्षा
कक्षा– छठी अ

# आत्मविश्वास

आत्मविश्वास मानवीय जीवन का एक आईना हैं आत्मविश्वास का मतलब हैं अपने आप पर विश्वास! यह एक शक्ति हैं , प्रभाव है जो सहायता और संरक्षण प्रदान करता है खुद कोई काम आत्मविश्वास के साथ करने की क्षमता से अपने अंदर छुपे आत्मिक शक्ति का विकास होता है आत्मिश्वास से ही आत्मनिर्भरता , अनुशासन ,सत्य आदि गुणों का विकास हो जाता है इस तरह जिन नागरिकों के पास आत्मविश्वास है वहीं देश का विकास , प्रगति कर सकते है

आत्मविश्वास को प्रभावशाली बनाने के लिए अध्यात्म की जरूरत है किसी भी देश के हित के लिए ये जरूरी हैं कि उनके पास आत्मविश्वास है कोई भी व्यक्ति आत्मविश्वास के बिना एक कदम भी आगे नहीं चल सकता |

पूरे आत्मविश्वास के साथ किया हुआ काम निष्फल नहीं होता| परिश्रम और आत्मविश्वास का सुखद ,सुरेख संगम ही लक्ष्य की ओर ले जाता है कठोर परिश्रम भी आत्मविश्वास के बिना अपाहिज है हम आगे अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की बात करे , तो यह पता चलता है कि उनका जीवन असफलता से भरा हुआ था लेकिन आत्मविश्वास और परिश्रम के बल पर वे राष्ट्रपति बने थे अटूट श्रद्धा और लगन से ही यह संभव हुआ था जिस व्यक्ति में आत्मविश्वास है वह उसके जीवन में पूर्णतः आशावादी प्रयत्नशील बन सकता है

जीवन इतना भी छोटा नहीं है कि व्यक्ति असफलता से डरे| निराशा लिए बैठे जाए और इतना भी नहीं की समय की रहा देखे यह तो एक सफ़र है कि जिसमें चलना ही पड़ता है जीवन में सुख दुख तो आते ही रहते हैं उत्साह, श्रम , लगन आत्मविश्वास के द्वारा जीवन का सफर सुखद बन सकता है इस लिए हर व्यक्ति में आत्मविश्वास होना जरूरी हैं जिससे आप समाज के सामने आदर्श बनेंगे|

रितेश कक्षा – 5ब

# दोस्ती

दोस्ती भी अजीब होती है
दोस्ती में हर खुशी नसीब होती है।
दोस्ती सब रिश्तों से ज्यादा होती है।
फिर भी दिल के करीब होती है।
जिन्दगी में दोस्त का होना बहुत जरूरी है।
दोस्ती जो निभाये वो फरिशता होता है।
दोस्ती की हर रीत को निभाना दोस्ती है।
दोस्ती में कभी धोखा न देना, ए दोस्त!
दोस्ती ही खुदा की परछाई होती है।



नाम- संस्कार
कक्षा- III A
अनुक्रमांक-31

# भूल गया है क्यों इन्सान

भूल गया है क्यों इन्सान,

सबकी मिट्टी की काया

सब पर नभ की निर्मल छाया ||

यहाँ नही आया है कोई ले विशेष वरदान

भूल गया है क्यों इन्सान ||

धरती ने मानव उपजाए,

मानव ने ही देश बनाए |

वह देश में बसी हुई एक धारा–संतान

भूल गया है क्यों इन्सान ||

देश अलग है, देश अलग हो,

वेश अलग है, वेश अलग हो |

मानव का मानव से, लेकिन अलग न अंतर प्राण |

भूल गया है क्यों इन्सान ||

नाम अर्पिता माने (नवमीं ब)

# हो जाओ तैयार साथियों

हो जाओ तैयार साथियों

हो जाओ तैयार........

हो जाओ तैयार साथियों

हो जाओ तैयार.........

अर्पित कर दो तन मन धन,

मांग रहा बलिदान वतन.....

अर्पित कर दो तन मन धन

मांग रहा बलिदान वतन....

अगर देश के काम न आए,

तो जीवन बेकार......

तो जीवन बेकार साथियों

हो जाओ तैयार......

हो जाओ तैयार साथियों

हो जाओ तैयार........

सोचने का समय गया,

उठो लिखो इतिहास नया

बंसी फेंको ओर उठा लो,

हाथो में तलवार......

हाथो में तलवार साथियों

हो जाओ तैयर......

हो जाओ तैयार साथियों

हो जाओ तैयार......

तूफानी गति रुके नही,

उठे हुए माथे के संमुख,

ठहर न पाती हार......

ठहर न पाती हार साथियों

हो जाओ तैयार......

हो जाओ तैयार साथियों

हो जाओ तैयार........

काँप उठे धरती अम्बर

और उठा लो ऊंचा स्वर,

कोटि कोटि कंठों से निकले,

भारत की जयकार......

भारत की जयकार साथियों

हो जाओ तैयार.......

हो जाओ तैयार साथियों

हो जाओ तैयार.......

अर्पित कर दो तन मन धन

मांग रहा बलिदान वतन..

अगर देश के काम न आए,

तो जीवन बेकार......

तो जीवन बेकार साथियों

हो जाओ तैयार......

हो जाओ तैयार साथियों

हो जाओ तैयार......

Name: sneha A dhumal

Class:9th A

# कोरोना

मुश्किल घड़ी है
संयम बनाये रखना
एक फ़सला बनाकर
खुद को बचाये रखना

है जिदंगी नियामत
असमय ये खो ना जाये
इस देश पर करोना पुरी
हावी ना होने पाये
ये वक्त कह रहा है

निज शक्ति के बढ़ाना
संकल्प से ही अपने
हर रोग को हराना
हाथों को अपने साथी
कई बार धोते रहना

उनके नमन करें हम
सेवा मे जों लगे है
सब कुछ भुला के अपना
दिन–रात जो जुटे हैं

मुश्किल बड़ी घड़ी है
संयम बनाये रखना

नाम: मान्यता
कक्षा: 9 ब
अनुक्रमांक:06

# भारत माँ तुझको सलाम

भारत माँ तुझको सलाम
तेरा हे इंडिया नाम
तेरी एकता को देखकर
अखंड ता को देखकर
कुदरत भी हैराण हे

हीदूं-मुस्लमान
शिख-इसाईं
है चारों यहाँ
आपस मैं प्रेमसे बहती है गंगा
तेरे मेरे का तो सवाल भी नही
भारत माँ तुझको सलाम
तेरा हे इंडिया नाम
तेरी एकता को देखकर
अखंडता को देखकर
कुदरत भी हैराण हे

ओटो के खातीर देखा हे नेता
करता हे झुठी वादे यहाँ
जनता भी कितनी भोली हे
देखो आती है बातो में
जल्दी यहाँ

भारत माँ तुझको सलाम
तेरा हे इंडिया नाम
तेरी एकता को देखकर
अंखडता को देखकर
सबकुच भी हैराण है सबकुच तो हैराण है

Name: Shubham A dhumal
Class:7thB

# दूध में दरार पड़ गई

खून क्यो सफ़ेद हो गया?
भेद में अभेद खो गया।
बँट गरी शहीद,गीत कट गए,
कलेजे में कटार दड़ गई।
दूध में दरार पड़ गई।

खेतों में वास्दी गंध
टूट गये नानक के चंध
सतलुज सहम उठी, व्यथित सी बीतस्ता है।
वसंत से बहार हो गई
दूध में दरार पड़ गई।

अपनी ही छाया से बैर।
गले लगने लगे ल है गेर
खुदकुशी का रास्ता, तम्हें वतन का वास्ता।
बात बनाएँ विगत गई।
दूध में दरार पड़ गई।

नाम : मान्यता
कक्षा : 9 ब
अनुक्रमांक : 06

# स्वच्छता

किशोरों ने यह ठाना है,

भारत को स्वच्छ बनाना है।

स्वच्छ रखो, सुंदर रखो, भारत देश विशाल;

आओ सथियो बनाए, हिंदुस्तान खुशहाल |

आओ सब मिलकर चले ,

एक स्वर्णिम इतिहास रचे,

करो जतन हो जाए यह, सारा जग हैरान,

इस तरह से हो स्वच्छता की चमके हिंदुस्तान।

घर कि करते हम नित्य देखभाल भरपुर,

और देश को भी करेंगे गंदगी से दूर।

अनुष्का स कल्याणशेट्टी
कक्षा 7 A
केंद्रीय विद्यालय चिकोडी

# ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे

हाथों में हाथ देकर आगे बढ़ेंगे ।

कभी ना समझो अपने आप को  कम   ये दोस्त किसलिए है,

तुम्हारे साथ है हम।

अच्छा लगता है जब वह कहते है यार   यूंं ही नही कहते वह,

होता है उनका हम पर प्यार।

जिंदगी के हर मोड पर देते है साथ   कभी न भूलेंगे उन्हें,

याद आएगी उनकी कही गई एक-एक बात।

सन्मति एस पुजारी ६

# जिंदगी

दो पल की जिंदगी है,
आज बचपन, कल जवानी,
परसों बुढ़ापा,फिर खत्म कहानी है।

चलो हंस कर जिए, चलो खुलकर जिए,
फिर जा आने वाली यह रात सुहानी,
फिर ना आने वाला यह दिन सुहाना।

कल जो बीत गया सो बीत गया,
क्यों करते हो आने वाले कल की चिंता,
आज और अभी जिओ, दूसरा पल हो ना हो।

आओ जिंदगी को गाते चले,
कुछ बातें मन की करते चले,
रुठो को मनाते चलें।

आओ जीवन की कहानी प्यार से लिखते चले
कुछ बोल मीठे बोलते चले,
कुछ रिश्ते नए बनाते चले।

क्या लाए थे क्या ले जायेंगे,
आओ कुछ लुटाते चले,
आओ सबके साथ चलते चले,
जिंदगी का सफर यूं ही काटते चले।

Shrunga.
Class : X

# मै केशव का पाञ्चजन्य'

मै केशव का पाञ्चजन्य हूँ गहन मौन मे खोया हूं,
उन बेटो की याद कहानी लिखते-लिखते रोया हूं
जिन माथे की कंकुम बिंदी वापस लौट नहीं पाई
चुटकी, झुमके पायल ले गई कुर्वानी की अमराई

कुछ बहनों की राखी जल गई है बर्फीली घाटी में
वेदी के गठबंघन मिल गये हैं सीमा की माटी में
पर्वत पर कितने सिंदूरी सपने दफन हुए होंगे
बीस बसंतों के मधुमासी जीवनहरण हुए होंगे

टूटी चूडी, धुला महावर, रूठा कंगन हाथों का
कोई मोल नहीं दे सकता बासंती जज्वातों का
जो पहले-पहले चुम्बन के बादलाम पर चला गया
नई दुल्हन की सेज छोडकर युद्ध काम पर चला गया

उसको भी मीठी नीदों की करवट याद रही होगी
खुशबू में डूबी यादों की सलवट याद रही होगी
उन आखों की दो बूंदों से सातों सागर हारे हैं
जब मेंहदी वाले हाथों ने मंगलसूत्र उतारे हैं

गीली मेंहदी रोई होगी छुप के घर के कोने में
ताजा काजल छूटा होगा चुपके चुपके रोने में
जब बेटे की अर्थी आई होगी सूने आंगन में
शायद दूध उतर आया हो बूढी मां के दामन में

वो विधवा पूरी दुनिया का बोझा सर ले सकती है,
जो अपने पती की अर्थी को भी कंधा दे सकती है
मै ऐसी हर देवी के चरणो मे शीश झुकाता हूं,
इसिलिये मे कविता को हथियार बना कर गाता हूं

जो सैनिक सीमा रेखा पर ध्रुव तारा बन जाता है,
उस कुर्बानी के दीपक से सूरज भी शरमाता है
गरम दहानो पर तोपो के जो सीने आ जाते है,
उनकी गाथा लिखने को अम्बर छोटे पड जाते है

उनके लिये हिमालय कंधा देने को झुक जाता है
कुछ पल को सागर की लहरो का गर्जन रुक जाता है
उस सैनिक के शव का दर्शन तीरथ जैसा होता है,
चित्र शहीदो का मंदिर की मूरत जैसा होता है

जिन बेटो ने पर्वत काटे है अपने नाखूनो से,
उनकी कोई मांग नही है दिल्ली के कानूनो से
सेना मर-मर कर पाती है, दिल्ली सब खो देती है.....
और शहीदों के लौहू को, स्याही से धो देती है......
मैं इस कायर राजनीति से बचपन से घबराता हूँ.....
इसीलिए मैं कविता को हथियार बनाकर गाता हूँ।।

आशीष कागवाड
कक्षा- नौवीं 'अ'

# मेरा गाँव

मैं और मेरी आजाद जिंदगी और स्वच्छ परिसर, स्वच्छ स्वास्थ्य,स्वच्छ पानी   हर एक भारतीय नागरिक चाहता हैं। और सभी लोग अपना-अपना घर एकदम साफ सुथरा और अच्छा रखते है।
सभी नागरिक या घर के सभी सदस्य ऐसा सोचते है की
"मेरा गाँव गंदगी  मुक्त हो"। लेकिन कोई साफ नहीं करता। सभी सरकार और प्रशासन को कोसते है। अपनी खुद की जिम्मेदारी और कर्तव्य सरकार और प्रशासन पर सोप देते है। और कहते है की हम तो इतना कर (टैक्स) देते है फिर सरकार क्यों आपन काम नहीं करती। गंदगी तो हम फैलते है।

संविधान के तहत मूलभूत अधिकार तो चाहिए लेकिन कर्तव्यों को दूसरों पर ढकेल देते है पर अब ऐसा नहीं चलेगा क्यों कि हवा,पानी, मिट्टी प्रदूषित हो रही हैं । उसका असर भौगोलिक परिस्थितियों पर असर हो रहा हैं। उसी कारण कहीं पर बाड़, बहुत बारिश, तो कही पर अकाल पड़ रहा है। उसका असर हम पर हो रहा है। हम गंदगी कर रहे है और दूसरों को कोस रहे हैं ।

हम आज से प्रतिज्ञा  करते  हैं  की
"मैं खुद को बदल रहा हूं । मेरा पुरा  गाँव गंदगी से मुक्त करके मैं अपने मूलभूत कर्तव्य का पालन करूंगा। हम सब पानी, हवा, मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाऊंगा।"

हम घर का सूखा और गिला कचरा अलग-अलग करेंगे। घर के टूटे हुए वस्तुओं (कांच, प्लास्टिक आदि) को अलग करेंगे। हम प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल बंद करेंगे और उसके बदले में कपड़े से बने थैलियों का इस्तेमाल करेंगे। बाजार में छोटे-छोटे प्याकिंग वाले  पाउच (शैंपू, तेल आदि) का इस्तेमाल कम करेंगे। हम प्लास्टिक  डिब्बों का  इस्तेमाल बंद करेंगे उसके बदले में स्टील के डिब्बों का इस्तेमाल करेंगे। पान की दुकानवालों को कहेंगे की आप जो पाऊच में बेचने वाले सभी पान मसाले आदि वस्तुओं को इधर उधर  ना फेंके उसे डिब्बेमें फेंके और उसे जला दे।

हम सरकार द्वारा दिए गए योजनाओं का उपयोग करके  हमारे  गाँव में स्वच्छता के माध्यम में बहुत सुधार ला सकते हैं।  हम नए शौचालय का निर्माण कर सकते है। हम हर एक हफ्ते में हर एक गली को साफ कर सकते है। हम कुछ लोगों के गण बनाकर नाले साफ करवा सकते है। हम ग्राम पंचायत के लोगों को नए सरकार द्वारा दिए गए योजनाओं को नागरिकों को बताने की व्यवस्था करके नागरिकों को जागरूक करवाये। गाँव के बाजार में पड़े हुए सब्जियों को हम गाय,भैंस आदि पशुओं को दे सकते हैं। जगह जगह पर कूड़ेदान रख सकते है।

हम नुक्कड़ नाटक, प्रचार प्रसार आदि के माध्यम से संदेश पहुँचा सकते है। नागरिकों को उत्साहित करने के लिए हम कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन कर सकते हैं और प्राइज के तौर पर कुछ रकम या ट्राफी दे सकते हैं। हम खड्डे में भरे पानी को निकाल के खड्डे बुझा के नए आने वाली हजारों बीमारियों से भी बच सकते हैं। अगर हम हमारा गाँव स्वच्छ रखे तो हम सब कई हजारों बीमारियों से बच सकते हैं और हम सब स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रह सकते हैं।

"सभी रोगों की एक दवाई
गाँव में रखो साफ सफाई "

"धरती माता करेंगे पुकार ,
आस-पास का करो सुधार "

नाम- भक्ति भोसले
कक्षा- दसवीं 'अ'

# हिम्मत

तुम कुछ कर सकते हो
तुम आगे बढ़ सकते हो ।
तुममे है बहुत हिम्मत
तुम जग को बदल सकते हो ।
तुम खुद से हिम्मत नही हारना ।
कभी खुद का भरोसा मत हारना ।
तुम झूठ का मार्ग छोड़
सच्चाई के रास्ते पर चलते रहना ।
मुसीबत बहुत आते हैं जीवन में
बस डट कर सामना करना ।
तुम ही देश के भविष्य हो
यह बात हमेशा याद रखना ।
आत्मविश्वास बनाए रखो
तुम हर कार्य पूरा कर पाओगे
अपनी प्रयास तुम जारी रखो
एक दिन जरुर सफल हो जाओगे ।
तुम करना कुछ ऐसा की,
सारी दुनिया तुम्हारे गुण गाए ।
तुम बनना ऐसा की महानों की,
महानता भी कम पड़ जाए ।

नाम - अयान . म . कोतवाल
कक्षा : 10
अनुक्रमांक : 24

# अरमानो के पंख

सागर पर चलती लहरों सी
माटी में मिल जाऊं मैं
पंख लगे अरमानों के तो
चिड़ियों सी उड़ जाऊं मैं
अम्बर को मैं लक्ष्य मान
साधूँ उस पर तीर कमान
है नजर मेरी उस मंजिल पर
जहां पहुँचता हो सिर्फ दिनकर।

इन्द्र धनुष के सप्तरंगों में
तारों सी खो जाऊॅं मैं
पंख लगे अरमानों के तो
चिड़ियों सी उड़ जाऊं मैं
इस इच्छा को मन में ठान
निकली मैं चलने दूर दराज-
नहीं रहे मन को दुनियां का भान
पहुंचूं उस वृत पर बनके ढाल
वन बागों के फल फूलों पर भंवरों सी गुंजाऊं मैं
पंख लगे अरमानों के तो
चिड़ियों सी उड़ जाऊं मैं ।।

Name- Ishu Raj
Class – 8th B
Roll number – 20

# शिक्षक

आज सुधा की पावन घड़ी का,
मन बढ़ाते हैं शिक्षक
वैदिक काल से चली ज्ञान का
भवन करते है
शिक्षक
क ख ग से a to z का ज्ञान
कराते हैं
शिक्षक ।
अपनी शिक्षा के द्वारा एक
अच्छा अच्छा इंसान
बनाते हैं
शिक्षक,
बाल्यकाल से जीवन पर्यंत
तक साथ निभाते शिक्षक है
जीवन पथ पर सही गलत का रहा दिखाते
शिक्षक है
हर कठिनाई में रह दिए, हर मुश्किल में खड़े
शिक्षक है
शिक्षक की महिमा है अनंत,
ईश्वर से भी बड़े यह
शिक्षक है
शिक्षक के शिक्षण द्वारा य फूल खिल खिलाए है
ऐसे शिक्षक को शतशत नमन
शत शत नमन!

द्वारा: अश्विनी.

# गुरू

सही क्या है, गलत क्या है
ये सब बताते हैं आप,
झूठ क्या है और सच क्या है
ये सब समझाते है ंआप
जब सूझता नहीं कुछ भी
श्राहों को सरल बनाते हैं आप,
जीवन के हर अँधेरे में,
रोषनी दिखाते है ंआप,
बंद हो जाते है ंजब सारे दरवाजे
नया रास्ता दिखाते है ंआप,
सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं
जीवन जीना सिखाते है ंआप।
दीप जले या अँगारे हो पाठ आपका याद रहे
अच्छाई और बुराई का जब भी हम चुनाव करें
गुरू आपकी ये अमृत वाणी हमेषा मुझको याद रहे।

नाम–स्पूर्ति एस. कुंभार
कक्षा–नवमी 'अ'
अनुक्रमांक– 15



# दो पत्थरों की कहानी

